अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2019
# (गणित)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में 9 के अपवर्त्य हैं— **(1)**

(A) 1, 9, 11, 13　　(B) 9, 18, 27, 36

(C) 3, 6, 9, 12　　(D) 18, 21, 25, 30

**2.** 30 और 40 के बीच अभाज्य संख्याएँ हैं— **(1)**

(A) 31 और 33　　(B) 33 और 37

(C) 31 और 37　　(D) 31 और 39

**3.** तीन संख्याएँ 1 : 2 : 3 के अनुपात में हैं। यदि उनका महत्तम समापवर्तक (म.स.) 12 है, तो ये संख्याएँ हैं— **(1)**

(A) 10, 20, 30　　(B) 12, 24, 36

(C) 5, 10, 15　　(D) 4, 8, 12

**4.** किसी कक्षा में 30 बच्चों में से 80% बच्चे उत्तीर्ण हैं, तो कक्षा में कितने बच्चे उत्तीर्ण हैं? **(1)**

(A) 24 बच्चे　　(B) 25 बच्चे

(C) 27 बच्चे　　(D) 28 बच्चे

**5.** 18% का भिन्न रूप होगा— **(1)**

(A) 50/9　　(B) 18/50

(C) 3/50　　(D) 9/50

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** तीन अंकों की सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या लिखिए। **(1)**

**7.** 35 सेमी व्यास वाले वृत्त का परिमाप ज्ञात कीजिए। **(1)**

**8.** 24/7 को दशमलव संख्या में बदलिए। **(1)**

**9.** किसी तल पर स्थित एक रेखा में कितने बिन्दु हो सकते हैं? **(1)**

**10.** कौन-सा अनुपात बड़ा है? 2 : 3 और 5 : 8 में। **(1)**

**11.** एक दुकानदार के पास 60 कप थे। 40 कप बिक गए। कुल कितने प्रतिशत कप बिके? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** 18 - [14 + {16 - (18 - 5)}] का मान ज्ञात कीजिए। **(2)**

**13.** पटरी और परकार की सहायता से 90° का कोण बनाइए। **(2)**

**14.** राम ने ₹300 में एक रेडियो खरीदा। वह उसे कितने रुपये में बेचे कि उसे 20% का लाभ हो? **(2)**

**15.** वह बड़ी-से-बड़ी संख्या बताइए जिससे 49, 59 और 109 को भाग देने पर शेषफल क्रमशः 1, 3 और 5 रहे। **(2)**

**16.** 5a **(2)**

**17.** नीचे दिए गए चित्र को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— **(2)**

**18.** सलमा अपनी बहन रेशमा से 10 वर्ष बड़ी है। 4 वर्ष पहले सलमा की आयु रेशमा की आयु की दोगुनी थी। सलमा और रेशमा की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/ganit/2019

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/ganit/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN